**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**08 जून 2025, समय 1810**

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा - सरकार ने पिछले 11 वर्षों में देश की प्रगति में महिलाओं की निर्णायक भूमिका तय की।
- श्री मोदी ने कहा कि महिलाओंने हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई लोगों को प्रेरित किया है।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित कृषि और समृद्ध किसान के लिए कृषि का विविधीकरण जरूरी है।
- 4-देश में एक दशक में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित परिवर्तन हुए-भारत का माध्यम वर्ग विकास की यात्रा के केंद्र में रहा।
- 5-हरियाणा सरकार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र में राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन करेगा।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा योग साधक भाग लेकर आयोजन को भव्य बनाएंगे।

---------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि सरकार ने पिछले 11 वर्षों में कई प्रभावशाली पहलों के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को फिर से परिभाषित किया है।

केंद्र में एनडीए सरकार के 11 साल पूरे होने पर, एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने विकसित भारत की यात्रा में महिलाओं द्वारा निभाई गई परिवर्तनकारी

भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि महिलाओं ने सरकार के प्रयासों को फलीभूत किया है।

सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधान मंत्री ने कहा कि सभी क्षेत्रों में, चाहे वह विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बल हों, महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और कई लोगों को प्रेरित कर रही हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------

भारत को विकसित बनाने में नारी शक्ति की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है जो समाजिक परिवर्तन और समावेशन का एक शक्तिशाली आंदोलन है। जहां महिलाओं को जीवन के हर क्षेत्र में सशक्त बनाया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि-

1- वॉयस कास्ट -नेहा गोस्वामी

***<u>पिछले दशक में, महिला सशक्तिकरण के प्रति भारत के दृष्टिकोण में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। सरकार की प्रमुख पोषण योजना मिशन पोषण का दूसरा चरण बच्चों, किशोरियों और माताओं पर केंद्रित है। इसका मुख्य हिस्सा पोषण अभियान है, जिसे 2018 में शुरू किया गया था। दो लाख से ज़्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को बेहतर पोषण और प्रारंभिक शिक्षा देने के लिए सुधारा जा रहा है। इसके तहत पोषण भी, पढ़ाई भी जैसी योजनाएं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अच्छी प्री-स्कूल शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षण देती हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम और जननी सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं ने खासकर गांवों और पिछड़े इलाकों में सुरक्षित प्रसव और मां की देखभाल सुनिश्चित की है। महिलाओं को रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सम्मान देने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से ज़्यादा शौचालय बनाए गए हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा में सुधार</u>***

***हुआ है। उज्ज्वला योजना के ज़रिए 10 करोड़ से ज़्यादा रसोई गैस कनेक्शन दिए गए, जिससे महिलाओं को धुएं से राहत मिली। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज़्यादा ग्रामीण घरों तक नल से जल पहुंचाया है, जिससे पानी लाने का बोझ भी कम हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों के स्कूल में दाखिले की दर 75.5% से बढ़कर 78% हो गई है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.2 करोड़ से ज़्यादा खाते खोले गए हैं, जिससे बेटियों के लिए आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। कानूनी सुधारों में भी बड़ा बदलाव लाया गया है। तीन तलाक को खत्म करना और नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जो संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% सीटें आरक्षित करता है, लैंगिक न्याय और भागीदारी की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। यह सफर केवल मदद देने का नहीं है, बल्कि एक ऐसा भारत बनाने का है जहां महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर सकें। अक्षित की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से नेहा गोस्वामी।***

---------------------------------------------------------------------------

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि क्षेत्र के विकास के लिए आसानी से उगाए जा सकने वाले फलों और फसलों की ओर ध्यान देना ज़रूरी है।

आज बेंगलुरु में, उन्होंने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के एक कार्यक्रम में कहा कि ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए खाद ही पर्याप्त होती है। श्री चौहान ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट कैक्टस परिवार का है और उसकी उत्पादन लागत कम होती है।

***प्रधानमंत्री जी ने कहा विकसित भारत के लिए विकसित कृषि और समृद्धि किसान चाहिए और विकसित खेती के अंतर्गत ही हमको कृषि का विधि करण करके ऐसी कमलम जैसी फसलों की तरफ आना पड़ेगा उगाना भी आसान है हम किसानों को एजुकेट भी करेंगे। इससे तीन फायदे हैं एक ऑरगेनिक उत्पाद मिलेगा दूसरे इतने***

***न्यूट्रिएंट है इसमें जो मनुष्य के स्वास्थ्य को बहुत बेहतर रखेंगे तीसरे इसमें आप 6-7 लाख रुपया भी हर साल कमा सकते हैं।***

---------------------------------------------------------------------------------

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है पर्यावरण संरक्षण और विकास पर केन्द्रित यह विशेष रिपोर्ट...

z ***पिछले दस सालों में, भारत का मिडिल क्लास देश के विकास की यात्रा के केंद्र में रहा है। उनकी उम्मीदों को सिर्फ़ सुना ही नहीं गया, बल्कि उस पर ठोस कदम भी उठाए गए हैं। सरकार ने टैक्स सुधार, टैक्स में छूट, सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास के ज़रिए मिडिल क्लास को सशक्त बनाने का प्रयास किया है। नई टैक्स व्यवस्था में अब 12 लाख रुपये तक की आमदनी टैक्स-मुक्त कर दी गई है। पहले से भरे हुए इनकम टैक्स रिटर्न और फेसलैस मूल्यांकन प्रणाली ने टैक्स भरने की प्रक्रिया को तेज़, आसान और पारदर्शी बना दिया है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) के अंतर्गत 25 साल की सेवा वाले सरकारी कर्मचारियों को उनके औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में सुनिश्चित किया गया है। वहीं, पिछले 10 सालों में महंगाई की दर औसतन 5 प्रतिशत रही है जो कि इससे पहले के 10 सालों में 8 दशमलव दो प्रतिशत थी। कौशल विकास के क्षेत्र में बड़े बदलाव हुए हैं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत एक करोड़ 63 लाख से ज्यादा युवाओं को उद्योगों से जुड़ी ट्रेनिंग दी गई है। राष्ट्रीय अप्रेंटिस संवर्धन योजना के तहत 2016 से अब तक 40 लाख से अधिक अप्रेंटिस को उद्योगों में काम दिलाया गया है। 2014 में जहां लगभग नौ हजार नौ सौ आईटीआई थे वहीं 2024 तक इनकी संख्या बढ़कर 14 हजार छह सौ से ज्यादा हो गई है। सरकार के इन सभी प्रयासों ने मिडिल क्लास को असली ताकत दी है। आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

---

हरियाणा सरकार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर क्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र में कहा कि यह आयोजन भव्य होगा। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की विश्व के मानचित्र पर योग भूमि के रूप में पहचान बनाने के लिए इस कार्यक्रम में एक लाख से ज्यादा योग साधक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं 21 जून को योग दिवस पर पूरे प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साथ जुड़ेंगे।

मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन ऐतिहासिक और यादगार लम्हों को विश्व के कोने-कोने में देखा जा सकेगा।मुख्यमंत्री ने बताया कि आज इस आयोजन के संबंध में समीक्षा की गई है।

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ब्रह्मसरोवर और मेला क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा प्रबंधों को लेकर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डा. जयदीप आर्य और पतंजलि योगपीठ के केन्द्रीय प्रभारी राकेश से प्रतिक्रिया ली ।
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए । इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के नागरिकों को योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा का संकल्प भी दिलवाया।

---

फरीदाबाद के सेक्टर एक स्थित खेल परिसर में चल रही तीन दिवसीय “सांसद खेल महोत्सव-2025” का समापन कुछ ही देर में होने जा रहा है। समापन समारोह में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री एवं फरीदाबाद के सांसद श्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्य

अतिथि के रूप में उपस्थित हैं। केन्द्रीय मंत्री विभिन्न खेलों के विजेताओं को सम्मानित करेंगे।

फरीदाबाद की कार्यकारी ज़िला खेल अधिकारी श्रीमती आशा रानी ने आकाशवाणी को बताया कि महोत्सव के पहले दो दिनों में खिलाड़ियों ने शानदार उत्साह और कौशल का प्रदर्शन किया।उन्होंने बताया -

यह महोत्सव 6 से 8 जून तक फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसमें वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, सर्कल कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, तलवारबाजी और एथलेटिक्स सहित 14 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। खेल महोत्सव में लगभग 6000 खिलाड़ियों ने भागीदारी की।

---------------------------------------------------------------------------------